Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 18

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

4 मई 2017 ई 7 शअबान 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

अपनी पांचों समय की नमाज़ों को ऐसे भय और तल्लीनता से पूरा करो कि जैसे तुम ख़ुदा तआला को देख रहे हो और अपने रोज़ों (उपवासों) को ख़ुदा के लिए पूरी सच्चाई के साथ पूरा करो। प्रत्येक जो ज़कात देने के योग्य है वह ज़कात दे और जिस पर हज का दायित्व आ चुका है और इस्लामी सिद्धान्तों को देखते हुए कोई बाधा या रोक नहीं वह हज करे।

तुम ख़ुदा की अन्तिम जमाअत हो। अत: ऐसे सुकर्म करो जो अपने गुणों के लिहाज़ से सर्वोत्तम हों।

देखो मैं बड़ी प्रसन्नता से यह संदेश देता हूँ कि तुम्हारा ख़ुदा वास्तव में विद्यमान है, यद्यपि कि सब को उसी ने पैदा किया है, पर वह उस मनुष्य को चुन लेता है जो उस को चुनता है। वह उसके निकट आ जाता है जो उसके निकट आता है, जो उसे सम्मान देता है वह उसको भी सम्मान देता है।

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं

"अत: वे समस्त लोगो ! जो स्वयं को मेरी जमाअत में शामिल करते हो आसमान पर तुम उस समय मेरी जमाअत में शुमार किए जाओगे, जब वास्तव में तक्वा (सदाचार) के मार्गों पर चलोगे। अत: अपनी पांचों समय की नमाज़ों को ऐसे भय और तल्लीनता से पूरा करो कि जैसे तुम ख़ुदा तआला को देख रहे हो और अपने रोज़ों (उपवासों) को ख़ुदा के लिए पूरी सच्चाई के साथ पूरा करो। प्रत्येक जो ज़कात देने के योग्य है वह ज़कात दे और जिस पर हज का दायित्व आ चुका है और इस्लामी सिद्धान्तों को देखते हुए कोई बाधा या रोक नहीं वह हज करे। भलाई को अच्छे रंग में करो, बुराई की उपेक्षा करते हुए उसे छोड़ दो। नि:सन्देह स्मरण रखो कि तक्वा (सदाचार) रहित कोई भी कर्म ख़ुदा तक नहीं पहुंच सकता। प्रत्येक भलाई की जड़ तक्वा (सदाचार) है। जिस कर्म में यह जड़ नष्ट नहीं होगी वह कर्म भी व्यर्थ नहीं जाएगा। अनिवार्य है कि शोक और विपत्तियों से तुम्हारी परीक्षा भी हो, जिस प्रकार तुम से पूर्व ख़ुदा पर आस्था रखने वालों की परीक्षा हुई। अत: सावधान रहो। ऐसा न हो कि ठोकर खाओ। धरती तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती यदि तुम्हारा आकाश से अटूट नाता है। तुम जब भी अपना नुकसान करोगे तो अपने ही हाथों से करोगे न कि शत्रु के हाथों से। यदि तुम्हारा सांसारिक सम्मान पूर्णतया जाता रहे तो ख़ुदा तुम्हें आकाश पर वह सम्मान प्रदान करेगा जो कभी कम न हो। अत: तुम ख़ुदा को मत छोड़ो। आवश्यक है कि तुम्हें दु:ख दिया जाए और तुम्हारी अनेकों आशाओं पर पानी फिर जाए। पर इन समस्त परिस्थितियों में तुम निराश मत हो, क्योंकि तुम्हारा ख़ुदा तुम्हारी परीक्षा लेता है कि तुम उसके मार्ग में दृढ़ हो या नहीं। यदि तुम चाहते हो कि आकाश पर फ़रिश्ते भी तुम्हारी प्रशंसा करें तुम मार खाओ और प्रसन्न रहो, गालियां सुनो और आभार प्रकट करो, असफलता देखो पर ख़ुदा से नाता मत तोड़ो। तुम ख़ुदा की अन्तिम जमाअत हो। अत: ऐसे सुकर्म करो जो अपने गुणों के लिहाज़ से सर्वोत्तम हों। प्रत्येक जो तुम में आलसी हो जाएगा वह एक अपवित्र वस्तु की भांति जमाअत से बाहर फेंक दिया जाएगा और हसरत से मरेगा पर ख़ुदा का कुछ न बिगाड़ सकेगा। देखो मैं बड़ी प्रसन्नता से यह संदेश देता हूँ कि तुम्हारा ख़ुदा वास्तव में विद्यमान है, यद्यपि कि सब को उसी ने पैदा किया है, पर वह उस मनुष्य को चुन लेता है जो उस को चुनता है। वह उसके निकट आ जाता है जो उसके निकट आता है, जो उसे सम्मान देता है वह उसको भी सम्मान देता है।

तुम अपने हृदयों को सीधा कर के, मुख, नेत्र और कानों को पवित्र करके ख़ुदा की ओर आ जाओ कि वह तुम्हें स्वीकार करेगा। आस्थानुसार ख़ुदा जो तुमसे चाहता है वह यही है कि वह एक और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसके नबी हैं और वह समस्त नबियों की मुहर और सर्वश्रेष्ठ हैं। अब उसके बाद कोई नबी नहीं परन्तु वही जिस को प्रतिबिम्ब स्वरूप मुहम्मद के रंग की चादर पहनाई गई, क्योंकि सेवक अपने स्वामी से अलग नहीं और न शाखा अपने तने से अलग है। अत: जो पूर्ण रूप से अपने आक़ा की आज्ञाकारिता में लीन होकर ख़ुदा से नबी का नाम पाता है वह ख़त्मे नुबुव्वत में बाधक नहीं। जिस प्रकार तुम दर्पण में अपनी शक्ल देखो तो तुम दो नहीं हो सकते बल्कि एक ही रहोगे, यद्यपि कि सामान्यत: दो दिखाई देते हैं। अन्तर केवल मूल और छाया का है। ऐसा ही ख़ुदा ने मसीह मौऊद के सन्दर्भ में चाहा। यही भेद है कि हज़रत मुहम्मद साहिब फ़रमाते हैं कि मसीह मौऊद मेरी क़ब्र में दफ़्न होगा अर्थात वह मैं हूँ। इसमें दो रंगी नहीं आई। निसन्देह तुम समझ लो कि ईसा इब्ने मरयम मर चुका है। कश्मीर श्रीनगर मुहल्ला ख़ानियार में उसकी क़ब्र है। ख़ुदा ने अपनी पवित्र किताब में उसकी मृत्यु की सूचना दी है।"

(कश्ती नूह, रूहानी खज़ायन,भाग 19, पृष्ठ 15)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद साहिब कादियानी मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जीवनी तथा संक्षिप्त इतिहास एवं धार्मिक सेवाऐं (अन्तिम भाग-6)

अनुवादक : शेख़ मुजाहिद अहमद शास्त्री, कादियान

अन्तिम यात्रा लाहौर तथा वफ़ात

हुज़ूर अपने घर वालों के साथ 27 अप्रैल 1908 ई. को लाहौर चले गए। वहाँ पर हुज़ूर ने कई भाषण दिए। विभिन्न धर्मों के लोगों को मुलाकात का अवसर प्रदान किया। एक पुस्तिका ''पैग़ाम सुलह" (सन्धि तथा शान्ति का संदेश) के नाम से लिखी। अभिप्राय यह कि दिन रात प्रचार तथा तरबिय्यत के कामों में लगे रहे। इसी बीच लगातार हुज़ूर को अपनी वफ़ात के बिल्कुल समीप आ जाने के बारे भी इल्हाम होते रहे। अत: 20 मई को इलहाम हुआ - ''अर्रहीलो सुम्मर्रहीलो वल मौतो क़रीबुन"। अर्थात कूच (जाने) का समय आ गया है तथा मौत निकट है।

25 तथा 26 मई 1908 ई. को बीच की रात को 11 बजे के लगभग हुज़ूर बीमार हो गए तथा हर संभव इलाज करने के बावजूद हालत संभल न सकी। अन्तत: 26 मई को साढ़े दस बजे के लगभग हुज़ूर वफ़ात पा कर अपने सच्चे मौला के पास पहुँच गए। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि राजेऊन ।

अन्तिम समय में आपकी मुबारक ज़बान पर से जो शब्द सुने गए वह यह थे :-

''अल्लाह ! मेरे प्यारे अल्लाह !"

वफ़ात के समय इल्हाम के अनुसार हुज़ूर की आयु शमसी (सूर्य के) हिसाब से 74 वर्ष तथा क़मरी (चाँद के) हिसाब से 76 वर्ष थी।

अत्याधिक दु:ख तथा विरोध

यद्यपि हुज़ूर को एक लम्बे समय से अपनी वफ़ात के बारे इलहाम हो रहे थे तथा वफ़ात के निकट तो बहुत ही इल्हाम हो रहे थे। पर क्योंकि हुज़ूर बिल्कुल थोड़ी सी बीमारी के बाद अचानक वफ़ात पा गए। इस लिए जमाअत को अत्याधिक दु:ख पहुँचा। अन्य मुसलमानों ने तथा ग़ैर मुस्लिम सभ्य लोगों ने भी हुज़ूर की वफ़ात पर हार्दिक दु:ख प्रकट किया तथा सहानुभूति प्रकट करते हुए हुज़ूर के गुणों का खुले दिल से प्रकटन किया। अत: कई अख़बारों ने आपको इस्लाम का एक विजयी जरनैल, इस्लाम का वीर पहलवान, अत्यन्त नेक तथा पवित्र तथा इसराईल के नबियों के समान बुज़ुर्ग माना। परन्तु जो तंगदिल लोग अहमदियत से शत्रुता रखते थे उन्होंने भी इस अवसर पर अपनी शत्रुता तथा द्वेष को प्रकट करने में कोई कमी न की। अत: उन्होंने उस मकान के निकट जहाँ हुज़ूर ने वफात पाई थी, अहमदियों का दिल दुखाने के लिए जलूस निकाले, गालियाँ दीं तथा बड़ी गन्दी हरकतें कीं। जिन्हें अहमदियों ने बड़े सब्र (धैर्य) के साथ सहन किया।

ख़िलाफ़त का चुनाव तथा तदफ़ीन

हुज़ूर का जनाज़ह रेल द्वारा बटाला लाया गया जहाँ से लोग अपने कन्धों पर उठा कर क़ादियान लाए। (बटाले से आगे उस समय रेल नहीं आती थी) 27 मई 1908 ई. को जनाज़े से पहले जमाअत अहमदिया ने बिल्कुल निर्विवाद हज़रत मौलवी हकीम नूरुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो को ख़लीफ़तुल मसीहिल अव्वल (प्रथम ख़लीफ़ा) चुन लिया तथा आप के हाथ पर बैअत करके फिर एक हाथ पर एकत्र हो गई और इस प्रकार पुस्तिका ''अल-वसिय्यत" में हज़रत मसीह मौऊद ने ख़िलाफ़त की जो शुभ सूचना दी थी वह पूरी हो गई। और जो लोग यह समझते थे कि शायद अब यह जमाअत सदा के लिए समाप्त हो जाएगी। उनका यह विचार बिल्कुल ग़लत साबित हुआ यद्यपि जमाअत ने स्वयं ख़लीफ़ा का चुनाव किया परन्तु यह ईमान है कि ख़लीफ़ा वास्तव में ख़ुदा तआला स्वयं बनाता है। और इसके लिए मोमिनों के दिलों में विचार प्रदान करता है। (अर्थात उनका मार्ग दर्शन स्वयं करता है।) अत: हज़रत मौलवी नूरुद्दीन साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो को जो कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पुराने तथा विशेष साथियों में से थे। ख़ुदा तआला ने स्वयं ख़लीफ़ा बनाया तथा इस प्रकार आप रज़ियल्लाहो अन्हो के हाथ पर जमाअत को एकत्रित कर दिया।

ख़िलाफ़त के चुनाव के बाद हज़रत ख़लीफ़ा अव्वल रज़ियल्लाहो अन्हो ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की नमाज़ जनाज़ह पढ़ाई। लोगों ने जो कि हज़ारों की संख्या में आए हुए थे अपने महबूब और प्यारे आक़ा (स्वामी) के अन्तिम दर्शन किए जिसके बाद हुज़ूर के पवित्र शरीर को 27 मई 1908 ई. को छ: बजे सांय मक़बरा बहिश्ती क़ादियान में दफ़न कर दिया गया। और इस प्रकार वह महान व्यक्ति सदा के लिए हमारी आँखों से ओझल हो गया जिसकी शुभ सूचना स्वयं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुसलमानों को दी थी और जिसके द्वारा इस ज़माने में इस्लाम की उन्नति होनी शुरू है।

आपका पवित्र हुलिया (मुखाकृति)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम मर्दाना सुन्दरता का उत्तम नमूना थे । शरीर न अधिक दुबला था न मोटा था। क़द मध्यम था। कन्धे तथा छाती विस्तृत। रंग सफ़ेदी लिए हुए गेहूँआ था। मुख पर हमेशा एक विशेष प्रकार के नूर, आनंद, और चमक की झलक रहती थी। सिर के बाल बहुत बारीक सीधे तथा चमकदार थे। दाढ़ी घनी परन्तु बहुत सुन्दर थी। आँखें कालापन लिए शर्बती रंग की थीं। और सदा नीचे की ओर झुकी रहतीं। पेशानी (माथा) सीधी, ऊँची और चौड़ी थी और उससे अत्यन्त प्रतिभा और प्रवीणता टपकती थी। पहरावा बहुत सादा होता था अर्थात कुर्ता या कमीज़, पाजामा, सदरी, कोट और पगड़ी होती थी। पाँव में देसी जूती पहनते थे। बाहर जाते समय हाथ में असा (सोटी) अवश्य रखते थे। खाना बहुत सादा था। और खाना बहुत कम और धीरे-धीरे खाते थे ।

हुज़ूर की आदतें तथा सद्व्यवहार

हुज़ूर की आदतों तथा व्यवहार में निम्न बातें विशेष रूप से दिखाई देती थीं ।

1. हुज़ूर को अल्लाह तआला की हस्ती (अस्तित्व) पर तथा अपने दावे की सच्चाई पर पूरा विश्वास था तथा आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ अत्यन्त प्रेम रखते थे।

2. ईश्वर भक्ति में हर समय लीन रहते थे। देखने में जब आप सांसारिक काम भी करते तो धीरे धीरे अल्लाह तआला की तसबीह (याद) करते रहते। वास्तव में आप का सारा जीवन ही साक्षात ईश्वर भक्ति था।

3. तक़वा (संयम) सच्चाई और क़ुर्आन करीम के आदेशों और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उपदेशों पर चलने पर सदा विशेष ध्यान रखते थे।

4. जीवन बहुत ही सादा और हर प्रकार के दिखावे से पाक था।

5. कठिन से कठिन हालातों का भी सब्र (धैर्य) दृढ़ता और वीरता के साथ मुक़ाबला करते थे।

6. परिश्रम करने की विशेष आदत थी। ख़ुदा तआला ने जो काम हुज़ूर को सौंपा था, दिन रात उसी में व्यस्त रहते थे।

7. पत्नी, बच्चों और मित्रों के साथ, यहाँ तक कि अपने शत्रुओं से भी बड़े ही प्रेम, नम्रता, और सहानुभूति का व्यवहार करते थे। और सदा उन के मन के भावों का ध्यान रखते थे। परन्तु साथ ही उनकी शिक्षा-दीक्षा का भी विशेष ध्यान रखते थे।

8. अतिथि सेवा भी आपका विशेष गुण था। मेहमानों के आराम का बहुत ही ध्यान रखते थे।

हज़रत डाक्टर मीर मुहम्मद इस्माईल साहिब रज़ियल्लाहो अन्हो ने हुज़ूर की आदतों और सद्व्यवहार का संक्षेप में बड़े ही सुन्दर परन्तु व्यापक रूप में वर्णन किया है। आप लिखते हैं :-

''हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अपने सद्व्यवहार में कामिल (दक्ष) थे। अर्थात आप अति नम्र और दयालू थे। दानवीर थे। अतिथि पूजक थे। ...विपत्तियों के समय जब लोगों के दिल बैठे जाते थे आप शेर के समान आगे बढ़ते थे। क्षमा, वदान्यता, अमानतदारी विनीत, सब्र व शुक्र, निस्पृहता, लज्जा, परिश्रम, संतोष, वफ़ादारी, सादगी, कृपा, अदबे इलाही (ख़ुदा का सम्मान) अदबे रसूल व बुज़ुर्गाने दीन (रसूल तथा धर्मात्माओं का सम्मान) शीलता, ज़िम्मेदारियों को पूरा करना, वचन पूरा करना, चुस्ती, सहानुभूति, गंभीरता, पवित्रता, विनोद और परिहास, हिम्मत उत्साह शीलता, स्वाभिमान, ख़ुदा और उसके रसूल का इश्क़ (प्रेम) रसूल का पूर्ण अनुसरण, यह संक्षिप्त आपके अख़लाक़ और आदात थे। मैं ने आपको उस समय देखा जब मैं दो वर्ष का बालक था। फिर आप मेरी आँखों से उस समय लुप्त हुए जब मैं सत्ताईस वर्ष का जवान था। पर मैं ख़ुदा की कसम (शपथ) खा कर ब्यान करता हूँ कि मैं ने आप से अधिक ख़लीक़ (शिष्ट) आपसे अधिक नेक, आप से अधिक बुज़ुर्ग, आप से अधिक अल्लाह और उसके रसूल के प्रेम में लीन कोई व्यक्ति नहीं देखा। आप एक नूर थे जो मानव जाति के लिए संसार में प्रकट हुआ।"

(शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

☆ ☆ ☆

ख़ुत्बः जुमअः

दुनिया में कोई व्यक्ति नहीं जो प्रत्येक बुराई से हर लिहाज़ से मुक्त हो। अल्लाह तआला का गुण सत्तार है जो हमें छुपाता है। अगर इंसान की ग़लतियों को, कमियों को, गुनाहों को दिखाया जाने लगे तो किसी को मुंह दिखाने के योग्य नहीं रहे। अल्लाह तआला जो बुराइयों को छुपाने वाला और गुनाहों को ढांपने वाला है उसने हमें यह दुआ भी हम पर उपकार करते हुए सिखाई है कि तुम जहां अपनी ग़लतियों और कमियों से बचने की कोशिश करो वहाँ इस्तिग़फार भी किया करो तो मैं तुम्हारे गुनाहों को भी माफ करूँगा तुम्हारे गुनाहों को छुपाउंगा। तुम्हारी दुआओं को स्वीकार करूंगा।

दोष देखकर बजाय दोष फैलाने के प्रत्येक को इस्तिग़फार करना चाहिए। अल्लाह तआला बेनियाज़ है और इस बात से डरना चाहिए कि हमारे अंदर भी जो अनगिनत दोष हैं वह कहीं प्रकट न हो जाएं। अगर नेक इरादे से व्यक्ति दूसरों की बुराइयों को छिपाए तो अल्लाह तआला फज़लों को प्राप्त करने वाला बनता है।

कभी किसी भी व्यक्ति को यह एहसास नहीं होना चाहिए कि मेरी कमज़ोरी अमुक अधिकारी के कारण प्रकट हुई। लोगों को पता लगा। अगर यह भावना पैदा हो तो उसकी प्रतिक्रिया बहुत अधिक सख्त होती है। जहां ऐसे लोग बुराई को फैला करके जिनके ज़िम्मा यह सुधार का काम है उन की बुराइयों को फैला करके समाज में बिगाड़ पैदा कर रहे हैं वहाँ अल्लाह तआला की नाराज़गी भी मोल ले रहे होते हैं।

अगर हम ने अल्लाह तआला के गुण सत्तारी से लाभ उठाना है तो ख़ुद भी दूसरों की सत्तारी की ज़रूरत है।

समाज की बुराइयों को दूर करने और शांति, प्यार और मुहब्बत का प्रसार करने के लिए आवश्यक है कि बुराइयों को छुपाया जाए और अच्छाइयों को प्रकट किया जाए। अच्छाइयों को प्रकट करने से दिखाने से नेकियों की भी तहरीक होती है। एक वास्तविक मुसलमान की भूमिका यही होनी चाहिए कि समाज में नेकियाँ फैलाए। केवल ज़बान के मज़ा और अस्थायी बनावटी खुशी के लिए या खुशी का माहौल बनाने के लिए दूसरों की बुराइयों को फैलाना बहुत बड़ा गुनाह है। किसी मजलिस में एक मज़ाक़ का रंग पैदा कर लोगों का मजाक करना यह बहुत बड़ा गुनाह है जिस से हर अहमदी को बचना चाहिए।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के निकट किसी का अहमदी होना और आप की बैअत में आना यह दिखाता है कि अल्लाह तआला ने उसे स्वीकार कर लिया है और जब अल्लाह तआला ने उसे स्वीकार कर लिया है तो किसी दूसरे का अधिकार नहीं बनता कि व्यक्तिगत दोष तलाश करके उन्हें फैलाया जाए। टोह में लगा हो जिज्ञासा की जाए और फिर वह बुराईयां फैलाई जाएं या लोगों के सामने उस के बारे में घृणा व्यक्त भी करे।

कुरआन मजीद, आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीसों और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों के हवाले से दूसरों की कमज़ोरियों की टोह लगाने, तलाश करने और उन को फैलाने की बुरी आदत से बचने और सत्तारी से काम लेने और इस्तिग़फार की तरफ ध्यान देने की विशेष नसीहतें।

आदरणीय मलक सलीम अहमद साहिब एडवोकेट, सदर जमाअत ननकाना साहिब(पाकिस्तान) की शहादत, शहीद मरहूम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़,

दिनांक 31 मार्च 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ۔

दुनिया में कोई व्यक्ति नहीं जो प्रत्येक बुराई से हर लिहाज़ से मुक्त हो। अल्लाह तआला का गुण सत्तार है जो हमें छुपाता है। अगर इंसान की ग़लतियों को, कमियों को, गुनाहों को दिखाया जाने लगे तो किसी को मुंह दिखाने के योग्य नहीं रहे। अल्लाह तआला जो बुराइयों को छुपाने वाला और गुनाहों को ढांपने वाला है उसने हमें यह दुआ भी हम पर उपकार करते हुए सिखाई है कि तुम जहां अपनी ग़लतियों और कमियों से बचने की कोशिश करो वहाँ इस्तिग़फार भी किया करो तो मैं तुम्हारे गुनाहों को भी माफ करूँगा। तुम्हारे गुनाहों को छुपाउंगा। तुम्हारी दुआओं को स्वीकार करूंगा। प्रत्येक की बहुत सारी बुराइयों को अल्लाह तआला सामान्य रूप से तो छुपाता है। अल्लाह तआला की बख़्शिश विशेष रूप से उन लोगों को भी अपनी चादरों में लिपेटती है जो इस्तिग़फार करने वाले हैं। ग़फर का मतलब भी छुपाना और ढांकना होता है और यही मतलब लगभग सतर का है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह फरमाते हैं कि "इस्लाम ने जो ख़ुदा पेश किया है और मुसलमानों ने जिस ख़ुदा को स्वीकार किया है वह रहीम दयालु सहानुभूति करने वाला ,तौबा स्वीकार करने वाला और ग़फ्फार है। जो व्यक्ति सच्ची तौबा करता है अल्लाह तआला उसकी तौबा स्वीकार करता है और गुनाह बख्श देता है। फरमाया कि "लेकिन दुनिया में चाहे सगा भाई भी हो या कोई और क़रीबी प्रिय या रिश्तेदार हो वह जब एक बार ग़लती देख लेता है फिर वह इससे रुक भी जाए (अर्थात ग़लती करने वाला रुक भी जाए) मगर उसे अपराधी ही समझता है।" अत: दुनिया वाले किसी अगर कोई व्यक्ति गुनाह और किसी दोष को छोड़ भी दे तब भी उसे अपराधी और संदेह की नज़र से देखने वाले हैं। आपने फरमाया "लेकिन अल्लाह तआला कैसा दयालु है कि इंसान हज़ारों दोष देख कर के भी लौटता है तो बख्श देता है।" फरमाया "दुनिया में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं है केवल पैग़म्बरों के" (जो ख़ुदा तआला रंग में रंगे जाते हैं।) जो अनदेखी से इस कदर काम ले।" (अर्थात सिवाय नबियों के इतनी अनदेखी करे जितनी ख़ुदा तआला करता है। ख़ुदा तआला के बाद नबी हैं जो इतना कर सकते हैं और इसके अतिरिक्त कोई नहीं करता) "बल्कि आमतौर पर तो यह हालत है कि जो सादी ने कहा है कि "ख़ुदा दानद बपो शद व हमसाया नदानद व बख़र अशद" (मल्फ़ूज़ात भाग7 पृष्ठ 178 प्रकाशन 1985 ई यू.के) कि ख़ुदा तआला तो जानते हुए भी छिपाता है लेकिन पड़ोसी थोड़ा ज्ञान हो जाए तो इस कमज़ोरी को प्रसिद्ध करने लग जाता है।"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह सादी का जो शेर के गद्य का हवाला दिया है एक जगह उसकी व्याख्या इस तरह भी की है कि "ख़ुदा तआला का छुपाना ऐसा है कि वह आदमी के गुनाह और अपराधों को देखता है लेकिन अपनी इस

विशेषण के कारण उसकी कमज़ोरियों को तब तक जब तक कि वह मध्य सीमा से न गुज़र जाए ढांपता है लेकिन इंसान किसी दूसरे की ग़लती देखता भी नहीं और शोर मचाता है।

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 299.300 प्रकाशन 1985 ई यू के)

आप फरमाते हैं। "अत: विचार करो कि उसके कर्म और दया का कैसा भव्य गुण है।" आप अल्लाह तआला के बारे में फरमाते हैं कि "अगर वह (अर्थात अल्लाह तआला) बदला लेने पर आए तो सब को तबाह कर दे लेकिन उसका उपकार और दया बहुत ही व्यापक है और क्रोध पर प्राथमिकता रखता है।"

(मल्फूज़ात भाग 7 पृष्ठ 179 प्रकाशन 1985 ई यू के)

अत: अगर इस बात को हम समझ लें और अपने साथियों अपने भाइयों अपने से सम्बन्ध पड़ने वालों के मामलों में हर समय टोह न लगाते फिरें जिज्ञासा न करें। उनकी कमज़ोरियों को खोजते न फिरें तो एक प्यार और मुहब्बत करने वाला और शांतिपूर्ण समाज स्थापित हो सकता है। हम में से कई ऐसे हैं जो बुराइयों को छुपाने के स्थान पर दूसरों के दोष दिखाने की कोशिश में होते हैं और जब उनके अपने बारे में कोई बात करे या किसी माध्यम से उन्हें यह पता चल जाए कि अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में इस तरह बात की थी तो अत्यधिक क्रोध में आ जाते हैं बहुत ग़ुस्सा में आकर मरने मारने पर उतारू हो जाते हैं लेकिन जब यह खुद एक दूसरे के बारे में कह रहे हों तो उस समय कहते हैं कि यह तो मामूली बात थी हम ने तो यूं ही कह दी। हमें हर समय आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह फरमान अपने सामने रखना चाहिए कि जो अपने लिए चाहते हो वही अपने भाई के लिए चाहो।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुल ईमान हदीस 13)

अत: अगर अपने लिए बुराइयों को छुपाना पसंद है तो दूसरों के लिए भी वही भावनाएं होनी चाहिए और यही वह सुनहरा नियम है जो समाज की शांति के लिए भी आवश्यक है।

अत: दोष देखकर बजाय दोष फैलाने के प्रत्येक को इस्तिग़फार करना चाहिए। अल्लाह तआला बेनियाज़ है और इस बात से डरना चाहिए कि हमारे अंदर भी जो अनगिनत दोष हैं वह कहीं प्रकट न हो जाएं। अगर नेक इरादे से व्यक्ति दूसरों की बुराइयों को छुपाए तो अल्लाह तआला के फज़्लों को प्राप्त करने वाला बनता है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि अगर ख़ुदा तआला हिसाब लेने लगे तो सब को तबाह कर दे। अत: बड़े भय का स्थान है और हर समय इस्तिग़फार करते रहने की तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फरमाया कि जिसने अपने मुसलमान भाई के किसी दोष को छुपाया अल्लाह तआला क़यामत के दिन उस के दोष को ढक देगा उसकी बुराइयों को छुपाएगा उसे ढक देगा और रहम फरमाएगा और जो अपने किसी मुसलमान भाई की बुराइयां प्रकट करता है उसकी बुराई को देख कर लोगों को बताता फिरता है अल्लाह तआला उसके दोष और नंगेपन को इसी तरह प्रदर्शित करेगा कि उसके घर में उसे बदनाम कर देगा।

(सुनन इब्ने माजा किताबुल हुदूद हदीस 2546)

अत: यह बहुत बड़ी चेतावनी है भय का स्थान है। अल्लाह तआला की कृपा को ग्रहण करने के लिए हमेशा दूसरों के दोष देखने के स्थान पर अपने पर नज़र रखनी चाहिए तभी हम अल्लाह तआला की दया और फज़्ल को ग्रहण कर सकते हैं।

लोग कह देते हैं कि अगर हम किसी को देखकर बुराई प्रकट नहीं करेंगे तो सुधार कैसे होगा। हमेशा याद रखना चाहिए कि अगर किसी की कोई बुराई जमाअत की प्रणाली को नुकसान पहुंचाने का माध्यम बन रही है या समाज के एक वर्ग को भी अपनी चपेट में लेकर ख़राब कर रही है तो सुधार के लिए जो लोग निर्धारित हैं अमीर जमाअत है, जमाअत के अंदर सदर जमाअत है, उन तक बात पहुंचा दें या मुझे लिख दें ताकि सुधार की ओर ध्यान हो। अल्लाह तआला भी नहीं चाहता कि उसकी बनाई हुई जमाअत की प्रणाली ख़राब हो। वह नहीं चाहता कि व्यक्ति गत बुराई सामाजिक बुराई बन जाए। इसलिए अल्लाह तआला ऐसे लोगों की बुराई प्रकट कर देता है। जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि "जो इस बात पर कायम रहते हैं और ज़िद्द करते हैं कि जो गुनाह उन्होंने किया है या त्रुटियाँ की हैं उन्हें फैलाना है और प्रकट भी करना है या करते चले जाना है जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया कि आदमी के गुनाहों और अपराधों को अल्लाह तआला देखता है लेकिन अपने गुण के कारण भूल करने वालों को तब तक कि सीमा से निकल न जाएं ढांपता है। अत: जब मनुष्य स्वयं ही अपने आप को व्यक्त कर दे और सीमा से बाहर निकलने लगे तो अल्लाह तआला की पकड़ की सिफत भी काम करती है। और फिर अगर अल्लाह तआला चाहे इस दुनिया में भी पकड़ता है और अगले जहान में भी सज़ा है।

लेकिन किसी की बुराई देखकर उस को फैलाना बहरहाल मना है क्योंकि इस से बुराईयां बजाय समाप्त होने के फैलती हैं इस बारे में आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का फरमान हमेशा याद रखना चाहिए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि यदि लोगों की कमज़ोरियों के पीछे पड़ेगा तो उन्हें बिगाड़ देगा।

(सुनन अबी दाऊद किताबुल अदब हदीस 4888)

कमज़ोरियों के पीछे पड़ने का अर्थ है कि उन्हें जगह जगह वर्णन करना जिज्ञासा करके उनकी कमज़ोरियों की खोज करना। अगर इंसान इस तरह करे तो उन को बिगाड़ देगा और समाज की शांति भी ख़राब होगी और फिर ये बातें जब जगह जगह लोगों में वर्णन की जाऐंगी तो ऐसे लोग जिनकी यह बुराईयां हैं बजाय सुधार के उनमें ज़िद पैदा हो जाती है और फिर ज़िद में आकर वह दूसरों को भी अपने जैसा बनाने की कोशिश करते हैं अपने क्षेत्र का विस्तार करते जाते हैं। शर्म समाप्त हो जाती है और जब शर्म समाप्त हो जाए तो सुधार का पहलू भी समाप्त हो जाता है।

अत: यहाँ मैं उन लोगों को भी ध्यान दिलाना चाहता हूं जिनके ज़िम्मा जमाअत के काम भी हैं, विशेष रूप से सुधार करने वाले विभाग को अत्यंत सावधानी से और सहानुभूति रखते हुए सुधार का काम करना है। कभी किसी भी व्यक्ति को यह एहसास नहीं होना चाहिए कि मेरी कमज़ोरी अमुक ओहदेदार के कारण प्रकट हुई। लोगों को पता लगा। अगर यह भावना पैदा हो तो उसकी प्रतिक्रिया बहुत अधिक सख्त होती है। ऐसे लोग जिनके ज़िम्मा सुधार का काम है वह जहां लोगों की बुराई को फैला करके समाज में बिगाड़ पैदा कर रहे हैं वहाँ अल्लाह तआला की नाराज़गी भी मोल ले रहे होते हैं। अल्लाह तआला फरमाएगा। मैंने तो तुम्हें जमाअत की सेवा का मौका दिया था इसलिए मेरी गुणों को अधिकतम अपनाओ लेकिन यहाँ तो तुम मेरे सत्तार के गुण से उलट चलकर बेचैनियां और शरारत पैदा करने का कारण बन रहे हो। अल्लाह तआला सत्तारी को कितना पसंद करता है और सत्तारी करने वाले वाले को कितना सम्मानित करता है इस बारे में आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फरमाया कि मुसलमान मुसलमान का भाई है वह उस पर अत्याचार नहीं करता और न उसे अकेला छोड़ता है। मुसलमानों का यह कितना दुर्भाग्य है कि आजकल हम देखते हैं कि सबसे अधिक मुसलमान हैं जो मुसलमानों पर अत्याचार कर रहे हैं एक दूसरे की गर्दनें काट रहे हैं और कोई नहीं जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस इरशाद पर ध्यान दे। बहरहाल फिर भी आप ने यह भी फरमाया कि जो व्यक्ति अपने भाई की आवश्यकता को पूरा करने में लगा रहता है अल्लाह तआला उसकी ज़रूरतों को पूरा करता है और जिसने किसी मुसलमान की तकलीफ दूर की अल्लाह तआला क़यामत के दिन दु:खों में से एक मुसीबत कम कर देगा और जो किसी मुसलमान की सत्तारी करता है अल्लाह तआला क़यामत के दिन उस की सत्तारी करेगा।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुल मज़ालिम हदीस 2442)

अत: उस रहीम और दयालु ख़ुदा के रहम और दया को ग्रहण करने के लिए सत्तारी और छुपाना बेहद ज़रूरी है।

फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह भी एक अवसर पर फरमाया कि कोई बंदा दूसरे बन्दा की इस दुनिया में बुराई नहीं छुपाता लेकिन अल्लाह तआला क़ियामत के दिन उसकी बुराई छुपाएगा। (सहीह मुस्लिम किताबुल बिर्रे वस्सिला हदीस 6595) अर्थात अल्लाह तआला बुराई छुपाने वाले को बिना इनाम के नहीं छोड़ता। किसी ने अगर अल्लाह तआला के किसी बंदे की बुराई छुपाई तो फिर वह उस के खाते में लिखी गई। उस के हिसाब में लिखी गई मेरे बन्दा ने यह नेक काम किया और क़यामत के दिन वह फिर उसका इनाम पाएगा। अल्लाह तआला इससे अनदेखी करेगा बल्कि अल्लाह तआला तो अपने बन्दा पर इस हद तक दयालु है अपनी रहमत का इतना साया डालता हैं कि एक रिवायत में आता है कि वह बन्दा से पूछेगा कि अमुक काम तूने किया था तो बंदा कहेगा हाँ, मेरे रब्ब मैंने क्या है या क्या था। उस पर अल्लाह तआला फरमाएगा मैंने इस दुनिया में तेरी कमज़ोरियों को छुपाया की दुनिया को पता नहीं चला कि अगर गलत काम किए अब आज कयामत के दिन भी मैं तेरी बुराइयों को छुपाता हूँ और तुझे माफ करता हूं।

(सहीह बुख़ारी किताबुल मज़ालिम हदीस 2441)

तो अल्लाह तआला तो ऐसे बन्दा से व्यवहार करता है। तो अगर हम ने अल्लाह तआला की सिफत सत्तारी से लाभ उठाना है तो ख़ुद भी दूसरों की सत्तारी की ज़रूरत है। किसी को यह नहीं समझना चाहिए कि मैं बुराइयों से मुक्त हूँ और दूसरे में

बुराईयां हैं। यह अल्लाह तआला की कृपा है जिसने हमारे सत्तारी की हुई है।

अत: जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक अवसर पर फरमाया हमें इस बात को हमेशा सामने रखना चाहिए फरमाया कि "वास्तव में इंसान की ख़ुदा तआला बुराइयों को छुपाता है क्योंकि वह सत्तार है।" (बहुत से लोगों को ख़ुदा तआला की सत्तारी ने ही नेक बना रखा है।) "अन्यथा यदि ख़ुदा तआला बुराइयों को न छुपाए तो पता लग जावे कि इंसान में क्या क्या गंद छुपे हैं।"

अत: यह है वह बात जिसे हमेशा सामने रखनी चाहिए और इस बात को सामने रखते हुए जहां व्यक्ति इस्तिग़फार करे, और अल्लाह तआला से इस्तिग़फार करते हुए अल्लाह तआला की मग़फरत की चादर में लिपटने की कोशिश करे, इससे माफी मांगे वहाँ अपने पर नज़र रखते हुए दूसरों की कमज़ोरियों को भी अनदेखा करे। अपने गिरेबान में देखे और दूसरों की कमज़ोरियों को बाहर निकालने की कोशिश न करे बल्कि पहले अपनी समीक्षा करे कि मैं क्या हूँ और हमेशा यह सोचे कि जिस तरह अल्लाह तआला ने मेरी बुराइयों को छुपाया है तो इसी तरह मैंने दूसरों की बुराइयों को छुपाना है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक अवसर पर फरमाते हैं कि

"मनुष्य के ईमान का कमाल यही है कि अल्लाह तआला के गुणों को धारण करे अर्थात जो जो गुण और विशेषताएं ख़ुदा तआला में हैं उनको यथा सम्भव अनुसरण करे और अपने आप को ख़ुदा तआला के रंग में रंगने की कोशिश करे।" फरमाया कि "जैसे ख़ुदा तआला में अफ़ो (क्षमा) है आदमी भी अफ़ो करे।" दूसरों को माफ करने की आदत डाले। "दया है नम्रता है उपकार है, आदमी भी रहम करे, नम्रता करे लोगों पर उपकार करे।" फरमाया "ख़ुदा तआला सत्तार है आदमी को भी सत्तारी की शान से भाग लेना चाहिए और अपने भाइयों के दोष और बुराइयों को छुपाना चाहिए।" (बुराइयों और गुनाहों को छुपाना चाहिए।) फरमाया कि "कुछ लोगों की आदत होती है कि जब किसी की बुराई या त्रुटि देखते हैं जब तक उस को यह अच्छी तरह फैला न लें "(इसे प्रसार न कर दें) "उन्हें खाना हज़म नहीं होता।" फरमाया "हदीस में आया है कि जो अपने भाई के दोष छुपाता है ख़ुदा तआला उसकी बुराइयों को छुपाता है। मनुष्य को चाहिए कि निर्लज्ज न हो, अभद्रता न करे, जीव से दुर्व्यवहार न करे,मुहब्बत और नेकी से व्यवहार करे।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 10 पृष्ठ 339-340 प्रकाशन 1985 ई यू के)

एक बार हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की मजलिस में किसी की कमज़ोरियों का उल्लेख हुआ कि (अमुक व्यक्ति में यह यह कमज़ोरी है) तो आप ने इस (बात को सुनकर) बात करने वाले को संबोधित कर के फरमाया कि इस के दोष तो (तुम) ने बयान कर दिए हैं" (बड़े जोश उसकी कमजोरियों को तुम वर्णन कर रहे हो) इस की कमज़ोरियां तो तुम ने गिनवा दीं। अच्छा होता अगर उसकी अच्छाइयों का भी जिक्र किया होता। (उद्धरित ज़िक्रे हबीब पृश्ठ 57)

आख़िर इसमें कुछ खूबियां भी तो होंगी उनका भी तो ज़िक्र करते। अत: समाज की बुराइयों को दूर करने और शांति, प्यार और मुहब्बत का प्रसार करने के लिए आवश्यक है कि बुराइयों को छुपाया जाए और अच्छाइयों को प्रकट किया जाए। अच्छाइयों को प्रकट करने से दिखाने से नेकियों की भी तहरीक होती है। एक वास्तविक मुसलमान की भूमिका यही होना चाहिए कि समाज में नेकियाँ फैलाए। केवल ज़बान के मज़ा और अस्थायी बनावटी ख़ुशी के लिए या ख़ुशी का माहौल बनाने के लिए दूसरों की बुराइयों को फैलाना बहुत बड़ा गुनाह है। मजलिस में एक मज़ाक़ का रंग पैदा कर के लोगों का मज़ाक करना यह बहुत बड़ा गुनाह है जिस से हर अहमदी को बचना चाहिए। हम ने जब हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर यह बैअत का वादा किया है कि किसी तरह से मानव जाति को कष्ट नहीं देना न हाथ से न जीभ तो इस की पाबन्दी करनी चाहिए।

(उद्धरित इज़ाला औहाम पृष्ठ 564)

